# नगर आयुक्त ने निमार्णाधीन इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया

संवाददाता

शाहजहांपुर। शुक्रवार को नगर आयुक्त द्वारा शहर में बने एम।आर।एफ व इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय साक्षी सिरारी ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि मुख्य गेट के अंदर जगह न होने के कारण प्रेशर मशीन शिफ्ट होने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है । जिस पर नगर आयुक्त द्वारा गेट के पश्चिमी की ओर कूड़ा हटवाकर प्रेशर मशीन शिफ्ट करने के दिये निर्देश । इसके साथ ही वह सुरिक्षत रहे उसके ऊपर टीन शेड डालने के सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसके अतिरिक्त नमबस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय रधुवश राय ( सी ० एन ० डी ० एस ० ) को नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि 10 दिन के अन्दर कार्य को पूर्ण कर लिया जाये । इसके साथ बाउन्ड्रीवाल का रंग बदल दिया जाये । नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस 0 के 0 सिंह , मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान , ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव संस्था की साक्षी सिरारी , रधुवंश राय परियोजना निदेशक , ( सी ० एन ० डी ० एस ० ) अवर अभियन्ता विक्रम सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहें ।



वही दूसरी ओर शहर में कोई निराश्रित न रहे भूखा , नगर निगम के द्वारा कम्यूनिटी किचन संचालित किया गया । प्रतिदिन 250 से अधिक लोगो को खिलाया जा रहा खाना । नगर निगम के द्वारा हनुमतधाम स्थित आश्रय स्थल में सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है । जिसमें निराश्रित / बेसहारा , गरीब मजदूर व प्रवासी श्रमिको के लिये खाने की व्यवस्था की गई है , ताकि कोई भी व्यक्ति कोविड -19 में लॉकडाउन के चलते कोई भूखा न रहे । रसोई में प्रतिदिन पूड़ी व मौसमी सब्जी दी जाती है । रसोई के माध्यम से हुसैनपुरा , गौहरपुरा , हनुमतधाम , टाउनहाल , अजीजगंज रैन बसेरा , केरुगंज , बस स्टेशन रेलवे स्टेशन , पक्का पुल , गर्रा पुल , जिला अस्पताल , बरेली मोड़ कनौजिया मोड़ ईदगाह रोड , सुभाषनगर तिराहा , आदि स्थानो पर लंच पैकिट वितरित किये जाते है । शहर में कोई भी व्यक्ति जिसे खाने की आवश्कता हो तो नगर निगम कार्यालय अथवा हनुमतधाम स्थित आश्रय स्थल पर जाकर भोजन प्राप्त कर सकता है ।